बैठक | आइजी ने विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण किया, सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए

त्योहारों को लेकर आइजी ने दिए निर्देश

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस महानिरीक्षक शनिवार को श्रावस्ती पहुंचे। उन्होंने पुलिस कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी निर्देश दिए। इसके साथ ही विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण करके महाशिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश दिया।

महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था व सुरक्षा प्रबंधों को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल अमित पाठक ने शनिवार को श्रावस्ती का दौरा किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक व राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कानून-व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, खुफिया इनपुट्स, आपातकालीन सुरक्षा योजनाओं सहित अन्य अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के बाद आईजी ने सिरसिया इलाके के पांडव कालीन विभूतिनाथ मंदिर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर में तैनात पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, प्रवेश व निकासी मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसलिए प्रत्येक व्यवस्था को सतर्कता के साथ लागू किया जाय। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से संवाद कर व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की और कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। इसलिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी बैरिकेडिंग, ट्रैफिक नियंत्रण, निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे व सादे वस्त्रों में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इस मौके पर एसपी घनश्याम चौरसिया, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ भिनगा संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना सिरसिया आदि मौजूद रहे।

विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण करते आईजी अमित पाठक।